भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 896
उत्तर देने की तारीख : 17.09.2020

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए निधि आबंटन

896. कुंवर दानिश अलीः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तथा चालू वर्ष में अल्पसंख्यकों के विकास और कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश को आबंटित निधियों का वर्ष–वार और कार्यक्रम–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य द्वारा उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान अल्पसंख्यकों के विकास के लिए बहु–क्षेत्रक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों द्वारा उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) से (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय छह केंद्रीय रूप से अधिसूचित अल्पसंख्यकों नामतः बौद्ध, ईसाई, जैन, मुस्लिम, पारसी और सिख समुदायों के कल्याण और विकास के लिए उत्तर प्रदेश सहित देश में विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू कर रहा है। इस मंत्रालय द्वारा लागू की जा रही योजनाओं में से केवल एक योजना प्रधानमंत्री जन विकास कार्यकम (जिसे पहले बहु–क्षेत्रीय विकास योजना के रूप में जाना जाता है) केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों को राशि जारी की जाती है। अन्य योजनाएं केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं जो मंत्रालय द्वारा सीधे या विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत पैनलबद्ध एजेंसियों के माध्यम से लागू की जाती हैं, जिनका विवरण मंत्रालय की वेबसाइट यानी www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

पीएमजेवीके के अंतर्गत वर्ष 2014–15 से आगे 287 अतिरिक्त कक्षा रूम (एसीआर), 02 एसीआर ब्लॉक, 707 आंगनवाड़ी केंद्र, 25 सामान्य सेवा केंद्र, 31 सद्भाव मण्डप(01 सास्कृतिक सद्भाव मण्डप के रूप में ज्ञात), 1,7,3,143 साइबर ग्राम, 3865 पेयजल और जल स्वच्छता परियोजनाएं (हैंडपम्प, ट्यूबवेल इत्यादि), 27 स्वास्थ्य परियोजनाएं (01 यूनानी अस्पताल, 04 होम्योपैथी अस्पताल, 03 आयुर्वेदिक अस्पताल), 20 डिग्री कॉलेज, 15 हॉस्टल (11 बालिका हॉस्टल), 39 आईटीआई, आईटीआई में 02 अतिरिक्त निर्माण कार्य, 01 मार्केट शेड, 04 पॉलिटेक्निक, 339 स्कूल भवन, 02 कामकाजी महिला हॉस्टल, 666 शौचालय (स्कूल में और सार्वजनिक), 2764 शिक्षण उपकरण इत्यादि।

पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यकम के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को जारी की गई निधि और राज्य द्वारा उपयोग की गई निधि का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	जारी की गई राशि (लाख रु0 में)	राज्य द्वारा उपयोग की गई राशि (लाख रू0 में)
1	2015-16	32462.00	20248.16
2	2016-17	14364.00	5746.76
3	2017-18	15182.02	6072.81
4	2018-19	37653.07	11811.60
5	2019-20	16207.94	1620.79

वर्ष 2020–21 के दौरान, 31.08.2020 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य को 4552.91 लाख रु0 की राशि जारी की गई है।

******